महत्वपूर्ण एवं खास

घर के सामने खड़ी आटो पार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। दिनदहाड़े घर के सामने खड़ी ऑटो रिक्शा पार होने की जानकारी सिविल लाइन थाने से मिली है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थियां सबीरा बेगम 40 वर्ष पति एसके इमरान निवासी सरस्वती दाल मिल के पास गांधी नगर पंडरी के घर के सामने से खड़ी सीजी 04/8198 कीमत 80 हजार रुपये अज्ञात चोर ने चुरा ली है। उक्त मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला कायम किया है।

मॉल के ऊपर हुक्का पी रहे युवक-युवतियों को पुलिस ने दबोचा

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के एक मॉल की छत पर हुक्का पी रहे युवक-युवतियों को पुलिस ने पकड़ा है, वहीं मामले में हुक्का बार के संचालक पर भी कार्यवाही की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मॉल की छत पर संचालित हुक्का बार में भारी संख्या में युवक-युवतियों द्वारा हुक्का पीने की शिकायत मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मॉल में दबिश दी जहां बड़ी संख्या में युवक युवतियां हुक्का पीते मिले। इसके बाद मौके पर मौजूद हुक्का बार मालिक को गिरफ्तार कर किया गया और हुक्का पीते युवक युवतियों के परिजनों को बुलवाकर उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया।

चाकू लहराकर आतंकित करने वाला गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा आये दिन लोगों की शांति भंग करने के लिए तरह तरह के उत्पात किये जाते हैं। कार्रवाई नहीं होने के कारण इन दिनों गुंडा तत्वों के हौसले बुलंदी पर हैं। तेलीबांधा थाने से मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश धीवर आयु 23 वर्ष पिता किशनलाल धीवर निवासी सत्संग भवन के पास गली नंबर 4 तेलीबांधा में चाकू लहराकर आते जाते लोगों को गाली गलौज करते हुए आतंकित कर रहा था। उक्त मामले में थाने ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला कायम कर घटनास्थल से ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जुआ खेलने वालों से 5 हजार 800 रुपये जब्त

रायपुर (आरएनएस)। शहर में गली कूचों में खुले आम जुआ खेल रहे जुआरियों के चलते आसपास के लोगों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। खासकर कम उम्र के बच्चों पर दरी बिछाकर 52 पत्ती खेलने वालों को देखकर गलत असर पड़ रहा है। गुढ़ियारी थाने से मिली जानकारी के अनुसार महेश रामटेके आयु 32 वर्ष पिता स्व. श्यामलाल रामटेके निवासी परशुराम धर्मशाला के पास गुढ़ियारी से दिन दहाड़े जुआ खेलते साथियों के पास से 3 हजार 990 रुपये की राशि जब्त की गई है। इसी प्रकार ओसो भवन के सामने रहने वाले नारायण आयु 29 वर्ष एवं अन्य दो के खिलाफ उदित नारायण आदि से 19 सौ रुपये कुल 5 हजार आठ सौ रुपये की राशि जब्त की गई है।

छ.ग. स्टेट पावर कंपनियों के चेयरमेन पद से शैलेन्द्र शुक्ला ने दिया इस्तीफा

रायपुर (आरएनएस)। शैलेन्द्र शुक्ला ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनियों के चेयरमेन पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को त्यागपत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने चेयरमेन के रूप में दिए गए अवसर के लिए धन्यवाद दिया है साथ ही सहयोग और मार्गदर्शन के लिए भी आभार प्रकट किया है।

सूने मकान का ताला तोड़कर 49 हजार 6 सौ रुपये की चोरी

रायपुर (आरएनएस)। शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों में दिनदहाड़े रेकी कर योजना बनाकर चोरी करने वालों का गिरोह इन दिनों राजधानी में सक्रिय है। डीडी नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेश्वर देवांगन 32वर्ष पिता दाऊलाल देवांगन निवासी सत्यम विहार कालोनी रायपुरा के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात नगदी 4 हजार रुपये कुल 49 हजार 6 सौ रुपये की चोरी की है। उक्त मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 457 एवं 380 के तहत मामला दर्ज किया है।

समाज कल्याण मंत्री ने दिव्यांगजनों को प्रदान किया अनुदान चेक

» उत्थान अनुदान दिव्यांगजन के हौसले, ईमानदारी और मेहनत का प्रतीक-श्रीमती भेंड़िया

रायपुर (आरएनएस)। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज राजधानी के फारेस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास में दिव्यांग हितग्राहियों को उत्थान अनुदान (सब्सिडी) का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया।

इसमें रायपुर जिले के 4, कबीरधाम जिले के 6 और मुंगेली जिले के 3 दिव्यांग शामिल हुए। राज्य में पहली बार सरकार द्वारा नियमित ऋण पटाने वाले 81 हितग्राहियों को ऋण की पूर्ण अदायगी पर 6 लाख 46 हजार रूपये की छूट स्वीकृत की है। दिव्यांग हितग्राहियों द्वारा लोन की पूरा अदायगी पर उन्हें ब्याज राशि का 25 प्रतिशत उत्थान सब्सिडी के रूप में प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा दिव्यांगजन को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया गया था। सब्सिडी का चेक पाकर दिव्यांगजन के चेहरे खिल उठे।

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांग हितग्राहियों द्वारा स्वरोजगार के लिए गए ऋण का पूरा भुगतान उनकी इमानदारी और आगे बढ़ने के जज्बे को दर्शाता है। प्रदान की गई सब्सिडी दिव्यांगजन के हौसले और मेहनत का प्रतीक है। श्रीमती भेंड़िया ने दिव्यांगजन से कहा कि मेहनत कर आगे बढ़ें, सरकार उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है। श्रीमती भेंड़िया ने जिला अधिकारियों को सभी पात्र दिव्यांग हितग्राहियों के लिए सब्सिडी का चेक प्रदान करते हुए उनके खातों में राशि शीघ्र अंतरित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम ने अब तक 2 हजार 787 दिव्यांग हितग्राहियों को 73 करोड़ 98 लाख रूपये की ऋण राशि का वितरण कर स्वालंबन की मुख्य धारा से जोड़ा है।

हाईवे में तेज रफ्तार चलने वाले 75 वाहनों पर की गई कार्यवाही

» यातायात पुलिस रायपुर द्वारा यातायात नियम तोड़ने वाले 818 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 3,22,900 शमन शुल्क किया गया परिशमन

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ एच शेख के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा लगातार आदर्श चौक चौराहों पर यातायात नियमों के पालन कराने हेतु बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों पर, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले, स्टापलाइन के पालन नहीं करने वाले, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वाले, आदि यातायात नियमों के उल्लंघन करता वाहन चालकों पर कार्यवाही के साथ-साथ आज नेशनल हाईवे 53 में रायपुरा चौक, रिंग रोड नंबर 3 जंक्शन राजू ढाबा के पास एवं नेशनल हाईवे 30 में राज्य उत्सव टर्निंग निमोरा के पास तेज रफ्तार चलने वाले कार ,ट्रक एवं बस, कुल 75 वाहन चालकों पर चलानी कार्यवाही कर 80,000 शमन शुल्क परिशमन किया गया।

साथ ही यातायात पुलिस रायपुर द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने कुल 818 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 3,22,900 शमन शुल्क का परिशमन किया गया।

गढ़चिरौली में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़

» नक्सलियों ने किया ब्लास्ट ,फ़ोर्स का दबाव देखकर जंगल की ओर भागे नक्सली

राजनांदगांव/नागपुर। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सिमा से लगे अतिसवेदनसिल राजनांदगांव से सटे गढ़चिरौली में सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों से घिरे माओवादी विस्फोट कर घने जंगल को ओर भागने में कामयाब हो गए हैं। रविवार देर शाम हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में माओवादियों का सामान बरामद किया हैमहाराष्ट्र पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ बटालियन की संयुक्त टीम सर्चिंग में निकली थी।

इसी बीच राजनांदगांव सीमा से लगे गढ़चिरौली के बोडामेटा जंगल में रविवार शाम माओवादियों और पुलिस जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई । छत्तीशगढ़ -महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़, जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने किया धमाका। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए । घटना स्थल से पुलिस ने नक्सली साहित्य सहित अन्य दैनिक उपयोग के सामान और विस्फोटक बरामद किया है।

नक्सलियों ने एक जोरदार ब्लास्ट भी किया है, इस ब्लास्ट में जवानों को किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। गढ़चिरौली पुलिस सहायता केंद्र हेडरी, पी डिवीजन मुख्यालय के अंतर्गत बोडामेटा जंगल में पुलिस जवान और सीआरपीएफ बटालियन 191 कंपनी सी के संयुक्त तत्वावधान में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है। जंगल में पुलिस को देख माओवादियों ने जवानों को नुकसान पहुंचान के उद्देश्य से विस्फोट किया। जिस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए जवानों की ओर भी फायरिंग की गई। जवानों का दबाव बढ़ता देख माओवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए।

बंदियों को पेशी पर ले जाते समय आवश्यक सावधानी बरतने निर्देश जारी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रसारित निर्देशों के तहत जेल मुख्यालय द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों को परिपत्र जारी कर बंदियों को पेशी पर ले जाते समय आवश्यक सावधानी बरतने निर्देश दिए गए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जेलों से बंदियों को न्यायालयों में पेशी पर ले जाने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो। पेशी पर ले जाने वाले वाहनों को कीटाणुनाशकों से नियमित रूप से कीटणुरहित किया जाए। न्यायालय में पेशी के दौरान बंदियों को रखे जाने वाले लॉक-अप नियमित रूप से कीटाणुनाशकों से कीटाणुरहित किया जाए। न्यायालय में बंदियों को किसी भी प्रकार अनाधिकृत मुलाकात नहीं दी जाए।

» आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, दो की मौत

बारातीं पिकअप वाहन हुआ दुर्घटना का शिकार

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने एक पिकप में जा रहे लोग दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना में 2 की जहां मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।

जशपुर जिले में आये दिन मालवाहक गाड़ी पिकअप में सवारी ठूंस ठूंस कर भरने और ड्राइवर की लापरवाही से कई लोगो की जान आये दिन जा रही है। सोमवार सन्ना क्षेत्र में एक पिकअप हादसे में दो की मौत हो गयी है।

वहीं चार को बगीचा रिफर किया गया है और दर्जनों घायल अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना पहुंचे हैं। वहीं बताया जा रहा है की लड़के के लिए सीतापुर सरमना से मेहमान लरंगा गाँव आ रहे थे।

तभी ड्राइवर की लापरवाही से गाडी पेड़ में टकरा गयी और मौके पर ही दो युवक की मौत हो गयी और कुछ को रिफर किया गया है। वहीं घायल अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना में एक दर्जन से अधिक लोगों का इलॉज किया जा रहा है।

कोरोना से बचाव के लिए जितनी भी राशि लगेगी, राज्य आपदा निधि से दी जाएगी - मुख्यमंत्री बघेल

» मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोरोना वायरस के और अधिक टेस्ट सेंटर खोलने के दिए निर्देश

कोरोना वायरस के परीक्षण के लिए प्रदेश में और अधिक टेस्ट सेंटर खोलने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के सचिव को दिए हैं।

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जितनी भी राशि लगेगी उसे राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही कोरोना वायरस के परीक्षण के लिए प्रदेश में और अधिक टेस्ट सेंटर खोलने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के सचिव को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से बचाव, रोकथाम तथा दवाईयों और आवश्यक उपकरणों आदि की व्यवस्था के लिए स्टेट डिजास्टर रिपोंस फण्ड (एसडीआरएफ) से सभी आवश्यक इंतजाम तत्काल करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को महामारी घोषित किया है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार इस वायरस से संक्रमित लोगों की पुष्टि हो रही है। इस वायरस के निकट भविष्य में विकराल रूप लेने की संभावना को देखते हुए भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के परिपालन में राज्य में सभी एतहाती कदम प्रभावी तरीके से उठाएं जा रहे है।

एक ही फंदे पर लटककर युवक-युवती ने दी जान

जांजगीर चाम्पा (आरएनएस)। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुरयारी के अमरियाखार में बीती रात युवक-युवती ने एक ही फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों की सूचना के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, इससे ग्रामीणों में जोरदार आक्रोश व्याप्त हो गया है। सूत्रों ने बताया कि ग्राम कुरयारी में ही रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक तथा 18 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते बबूल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनों ने एक ही फंदे का उपयोग करते हुए फांसी लगाई है, इससे ग्रामीणों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। घटना बीती रात की है, सुबह जब ग्रामीणों ने दोनों को फांसी पर लटके देखा तो तत्काल शिवरीनारायण थाना पुलिस को सूचना दी। लेकिन सूचना मिलने के घंटों बाद तक पुलिस के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों में जोरदार आक्रोश व्याप्त हो गया है।

तैंतीस आंगनबाड़ी केंद्रों में सुगम पेयजल व्यवस्था के लिए 53.62 लाख स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बालोद जिले के 33 आंगनबाड़ी केंद्रों में सुगम पेयजल की व्यवस्था के लिए 53.62 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी। विभागीय अधिकारियों से जानकारी के अनुसार बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के नौ आंगनबाड़ी केंद्रों जिसमें खैरवाही, कोटागांव तथा गुजरा के तीन-तीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 13 लाख 79 हजार और डौंडीलोहारा विकासखंड के 24 जिसमें अछोली ग्राम के दो, कापसी, फरदफेड और गहिरा नवागांव के तीन-तीन, रानीतराई रोड, रिवागहन, जेवरतला और बगईकोन्हा के दो-दो तथा कुआंगांव, खामभाट, गुरामी और उरेटा गांव के एक-एक आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर उपलब्ध कराने के लिए 39 लाख 83 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। अधिकारियों द्वारा सभी कार्य उपलब्ध स्रोत में आवश्यक मात्रा में जल की उपलब्धता परीक्षण उपरांत कार्य का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अंगारमोती माता के दर्शन कर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों की समृद्धि के लिए की कामना

» कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत की जा गतिविधियों की प्रशंसा कीकम्युनिटी पुलिसिंग के तहत की जा गतिविधियों की प्रशंसा की

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अपने दो दिवसीय धमतरी प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन रविशंकर सागर (गंगरेल जलाशय) के किनारे पर स्थित माता अंगारमोती के मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया तथा पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि यह काफी प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर है, जहां पर देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूर्व में माता का निवास एक ग्राम में था जो कि जलाशय निर्माण के उपरांत डूब क्षेत्र में आने के कारण उक्त जगह पर स्थापित किया गया। राज्यपाल ने प्राकृतिक एवं नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण मंदिर परिसर की सराहना की तथा उन्होंने सामुदायिक भवन और हाइमास्ट लाइट स्थापना की मांग पर कलेक्टर श्री रजत बंसल को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

अंगारमोती माता के दर्शन के उपरांत राज्यपाल सुश्री उइके ने जिला पुलिस बल की शक्ति टीम की सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर ने उन्हें बताया कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पुलिस के 'चेतना' कार्यक्रम अंतर्गत शक्ति टीम के द्वारा विशेष तौर पर महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। 'सफर में सफर' के तहत वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाओं न सिर्फ सतर्क व जागरूक रहने की हिदायत दी जाती है। बल्कि महिला हेल्पलाइन नंबर व अन्य त्वरित कार्यबल वाली टीम के दूरभाष नंबरों को साझा किया जाता है। इस पर राज्यपाल ने जिले में की जा रही पहल की सराहना की तथा महिलाओं को जागरूक करने पुलिस द्वारा की जा रही सकारात्मक गतिविधियों को बेहद उपयोगी बताया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरुणजत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमित कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर शासन विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU